# अंतरिक्ष विभाग

## मांग संख्या 95

## अंतरिक्ष विभाग

(₹ करोड़)

| | वास्तविक 2021-2022 | | | बजट 2022-2023 | | | संशोधित 2022-2023 | | | बजट 2023-2024 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ |
| कुल | 5585.51 | 6908.35 | 12493.86 | 6234.40 | 7465.60 | 13700.00 | 5976.89 | 4553.15 | 10530.04 | 6187.10 | 6356.81 | 12543.91 |
| *वसूलियां* | *-13.53* | *-6.49* | -20.02 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *प्राप्तियां* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **निवल** | **5571.98** | **6901.86** | **12473.84** | **6234.40** | **7465.60** | **13700.00** | **5976.89** | **4553.15** | **10530.04** | **6187.10** | **6356.81** | **12543.91** |
| क. वसूलियों को घटाने के बाद बजट आबंटन इस प्रकार है: | | | | | | | | | | | | |
| **केंद्र का व्यय** | | | | | | | | | | | | |
| **केन्द्र का स्थापना व्यय** | | | | | | | | | | | | |
| 1. सचिवालय | 46.18 | ... | 46.18 | 33.00 | ... | 33.00 | 114.00 | ... | 114.00 | 154.00 | ... | 154.00 |
| 2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय | 167.55 | 5.03 | 172.58 | 185.00 | 8.00 | 193.00 | 195.60 | 5.30 | 200.90 | 186.46 | 15.45 | 201.91 |
| 3. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) | ... | ... | ... | 24.70 | 8.30 | 33.00 | 13.35 | 7.65 | 21.00 | 42.00 | 53.00 | 95.00 |
| **जोड़-केन्द्र का स्थापना व्यय** | **213.73** | **5.03** | **218.76** | **242.70** | **16.30** | **259.00** | **322.95** | **12.95** | **335.90** | **382.46** | **68.45** | **450.91** |
| **केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें/परियोजनाएं** | | | | | | | | | | | | |
| 4. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी | 3517.43 | 5356.20 | 8873.63 | 3843.73 | 6690.77 | 10534.50 | 3878.72 | 4048.08 | 7926.80 | 4034.01 | 5406.65 | 9440.66 |
| 5. अंतरिक्ष अनुप्रयोग | 973.80 | 229.82 | 1203.62 | 1119.07 | 363.73 | 1482.80 | 1034.03 | 249.20 | 1283.23 | 1084.55 | 474.40 | 1558.95 |
| 6. अंतरिक्ष विज्ञान | 78.70 | 111.66 | 190.36 | 128.25 | 77.86 | 206.11 | 71.83 | 45.17 | 117.00 | 92.49 | 46.31 | 138.80 |
| 7. इन्सैट उपग्रह प्रणालियां | 39.33 | 305.64 | 344.97 | 102.65 | 315.94 | 418.59 | 254.35 | 197.75 | 452.10 | 171.00 | 360.00 | 531.00 |
| **जोड़-केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें/परियोजनाएं** | **4609.26** | **6003.32** | **10612.58** | **5193.70** | **7448.30** | **12642.00** | **5238.93** | **4540.20** | **9779.13** | **5382.05** | **6287.36** | **11669.41** |
| **केंद्रीय क्षेत्र के अन्य व्यय** | | | | | | | | | | | | |
| **स्वायत्त निकाय** | | | | | | | | | | | | |
| 8. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.एस.टी.) | 112.00 | ... | 112.00 | 115.00 | ... | 115.00 | 76.51 | ... | 76.51 | 122.00 | ... | 122.00 |
| 9. सेमी कण्डक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.) | 417.55 | ... | 417.55 | 400.00 | ... | 400.00 | 80.00 | ... | 80.00 | ... | ... | ... |
| 10. उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (एन.ई.-सैक) | 32.00 | ... | 32.00 | 37.50 | ... | 37.50 | 38.30 | ... | 38.30 | 44.00 | ... | 44.00 |
| 11. राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन.ए.आर.एल.) | 35.00 | ... | 35.00 | 43.00 | ... | 43.00 | 36.30 | ... | 36.30 | 44.69 | ... | 44.69 |
| 12. भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.) | 163.50 | ... | 163.50 | 200.00 | ... | 200.00 | 180.00 | ... | 180.00 | 198.00 | ... | 198.00 |
| **जोड़-स्वायत्त निकाय** | **760.05** | **...** | **760.05** | **795.50** | **...** | **795.50** | **411.11** | **...** | **411.11** | **408.69** | **...** | **408.69** |
| **सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम** | | | | | | | | | | | | |

(₹ करोड़)

| | वास्तविक 2021-2022 | | | बजट 2022-2023 | | | संशोधित 2022-2023 | | | बजट 2023-2024 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ | राजस्व | पूंजी | जोड़ |
| 13. न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.) | ... | 900.00 | 900.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | ... | ... | ... | 1.00 | 1.00 |
| **अन्य** | | | | | | | | | | | | |
| 14. अंतरराष्ट्रीय सहयोग | 2.47 | ... | 2.47 | 2.50 | ... | 2.50 | 3.90 | ... | 3.90 | 13.90 | ... | 13.90 |
| 15. वास्तविक वसूलियां | -13.53 | -6.49 | -20.02 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **जोड़-अन्य** | **-11.06** | **-6.49** | **-17.55** | **2.50** | **...** | **2.50** | **3.90** | **...** | **3.90** | **13.90** | **...** | **13.90** |
| **जोड़-केंद्रीय क्षेत्र के अन्य व्यय** | **748.99** | **893.51** | **1642.50** | **798.00** | **1.00** | **799.00** | **415.01** | **...** | **415.01** | **422.59** | **1.00** | **423.59** |
| ***कुल जोड़*** | ***5571.98*** | ***6901.86*** | ***12473.84*** | ***6234.40*** | ***7465.60*** | ***13700.00*** | ***5976.89*** | ***4553.15*** | ***10530.04*** | ***6187.10*** | ***6356.81*** | ***12543.91*** |
| **ख. विकास शीर्ष** | | | | | | | | | | | | |
| **आर्थिक सेवाएं** | | | | | | | | | | | | |
| 1. अंतरिक्ष अनुसंधान | 5525.86 | ... | 5525.86 | 6201.40 | ... | 6201.40 | 5862.89 | ... | 5862.89 | 6033.10 | ... | 6033.10 |
| 2. सचिवालय- आर्थिक सेवाएं | 46.12 | ... | 46.12 | 33.00 | ... | 33.00 | 114.00 | ... | 114.00 | 154.00 | ... | 154.00 |
| 3. अंतरिक्ष अनुसंधान पर पूंजीगत परिव्यय | ... | 6901.86 | 6901.86 | ... | 7465.60 | 7465.60 | ... | 4553.15 | 4553.15 | ... | 6356.81 | 6356.81 |
| **जोड़-आर्थिक सेवाएं** | **5571.98** | **6901.86** | **12473.84** | **6234.40** | **7465.60** | **13700.00** | **5976.89** | **4553.15** | **10530.04** | **6187.10** | **6356.81** | **12543.91** |
| **कुल जोड़** | **5571.98** | **6901.86** | **12473.84** | **6234.40** | **7465.60** | **13700.00** | **5976.89** | **4553.15** | **10530.04** | **6187.10** | **6356.81** | **12543.91** |

*(₹ करोड़)*

| | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ग. सार्वजनिक उद्यम में निवेश** | | | | | | | | | | | | |
| ***न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड*** | | | | | | | | | | | | |
| 1. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड | 900.00 | ... | 900.00 | 1.00 | ... | 1.00 | ... | ... | ... | 1.00 | ... | 1.00 |
| **जोड़-न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड** | **900.00** | **...** | **900.00** | **1.00** | **...** | **1.00** | **...** | **...** | **...** | **1.00** | **...** | **1.00** |
| **जोड़** | **900.00** | **...** | **900.00** | **1.00** | **...** | **1.00** | **...** | **...** | **...** | **1.00** | **...** | **1.00** |

1. **सचिवालय:** सचिवालय–आर्थिक सेवाएँ: अंतरिक्ष विभाग के सचिवालय पर खर्च किये जाने वाले व्यय हेतु प्रावधान किया गया है।

2. **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय:** इसरो मु.: इसके अंतर्गत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मुख्यालय के व्यय, स्पेसनेट संवर्धन की स्थापना, सम्मेलनों, संगोष्ठी, क्षमता निर्माण तथा बाह्य संपर्क की सहायता के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं।

3. **भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस):** इन-स्पेस: भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र, जो कि एक एकल विंडो नोडल एजेंसी है, गैर सरकारी निजी इकाइयों के क्रिया-कलापों की अनुमति देगा तथा उसका निरीक्षण करेगा, जिसमें प्रमोचक रॉकेटों तथा उपग्रहों का निर्माण, अंतरिक्ष आधारित सेवाओं को प्रदान करना, अंतरिक्ष अवसंरचना को साझा करना तथा उद्भवन केंद्र की स्थापना आदि शामिल है।

4. **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी:** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी: इसके अंतर्गत, विभिन्न इसरो केन्द्रों जैसे – विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, इसरो जड़त्वीय प्रणाली यूनिट, द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र, इसरो नोदन कॉम्प्लेक्स, यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, विद्युत-प्रकाशिकी तंत्र प्रयोगशाला, सतीश

धवन अंतरिक्ष केंद्र, इसरो दूरमिति, अनुवर्तन तथा आदेश नेटवर्क, मुख्य नियंत्रण सुविधा एवं समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के क्रिया-कलापों, इसरो केंद्रों में सामान्य सिविल कार्य एवं आवासीय कार्यों, विभाग द्वारा शुरू की गई विकासात्मक एवं प्रचालनात्मक परियोजनाओं सहित प्रमोचक रॉकेट परियोजनाओं तथा उपग्रह परियोजनाओं जैसी विभिन्न अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं।

5. **अंतरिक्ष अनुप्रयोग:** अंतरिक्ष उपयोग: इसके अंतर्गत, विभिन्न इसरो केन्द्रों जैसे अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, विकास तथा शैक्षिक संचार यूनिट, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणाली, भू-प्रेक्षण अनुप्रयोग मिशन एवं आपदा प्रबंधन सहायता सहित विभाग द्वारा शुरू की गई विभिन्न अंतरिक्ष अनुप्रयोग परियोजनाओं तथा कार्यक्रमों के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं।

6. **अंतरिक्ष विज्ञान:** अंतरिक्ष विज्ञान: इसके अंतर्गत, इसरो द्वारा किए गए अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रमों के व्यय के लिए प्रावधान शामिल किया गया है, जिसमें शिक्षा जगत तथा उद्योग के लिए प्रायोजित अनुसंधान, संवेदक नीतभार विकास/ग्रहीय विज्ञान कार्यक्रम, जलवायु एवं वायुमंडलीय कार्यक्रम, वायुमंडलीय अध्ययन और खगोल विज्ञान हेतु लघु उपग्रह, अंतरिक्ष विज्ञान प्रचार, आदित्य-एल1,चंद्रयान-।।।, एक्स-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह एवं अंतरिक्ष डॉकिंग परीक्षण मिशन शामिल हैं।

7. **इन्सैट उपग्रह प्रणालियां:** इन्सैट उपग्रह प्रणालियां: इसके अंतर्गत, प्रमोचन सेवा संविदाओं पर व्यय और प्रेषानुकरों को पट्टे पर लेने के व्यय के साथ विभिन्न इन्सैट/जीसैट श्रेणी के उपग्रहों के व्यय के लिए प्रावधान शामिल किया गया है।

8. **भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.एस.टी.):** भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आइ.आइ.एस.टी.): आइ.आइ.एस.टी., अं.वि. के तहत एक स्वायत्त संस्थान है, जिसका उद्देश्य उन्नत अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षण के क्षेत्र में विश्व स्तर के संस्थान का सृजन करना और अं.वि/इसरो के लिए आवश्यक उच्च गुणवत्ता वाला मानव संसाधन तैयार करना है। इस संस्थान में अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा अनुप्रयोग के क्षेत्र में स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टोरल कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

9. **सेमी कण्डक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.):** सेमी कंडक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.): सेमी कंडक्टर प्रयोगशाला (एस.सी.एल.) के प्रशासनिक नियंत्रण को अंतरिक्ष विभाग से इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एम.ई.आइ.टी.वाई.) को हस्तांतरित किया गया है। अत:, ब.अ. 2023-24 में कोई बजट प्रावधान नहीं है।

10. **उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (एन.ई.-सैक):** उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (एन. ई. सैक): उत्तर-पूर्वी परिषद् के साथ संयुक्त रूप से एक स्वायत्त सोसाइटी के रूप में स्थापित एन. ई. सैक, सुदूर संवेदन और उपग्रह संचार की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जानकारियों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक संसाधनों की उपयोगिता और मॉनीटरन, अवसंरचना की विकासात्मक योजना बनाने तथा अन्योन्य क्रियाशील प्रशिक्षण पर सूचना प्रदान करते हुए उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों की सहायता करता है।

11. **राष्ट्रीय वायुमण्डलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन.ए.आर.एल.):** राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एन.ए.आर.एल.): एन.ए.आर.एल., जो एक पंजीकृत सोसाइटी है, वायुमंडलीय और अंतरिक्ष विज्ञान तथा संबंधित विषयों में उन्नत अनुसंधान करने हेतु उत्तरदायी है।

12. **भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.):** भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.): पी.आर.एल. सहायता अनुदान के माध्यम से अंतरिक्ष विभाग द्वारा वित्त-पोषित एक स्वायत्त संस्था है, जो कि देश में परीक्षणात्मक एवं सैद्धांतिक भौतिकी तथा भू-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में मौलिक अनुसंधान कार्य करने वाली एक अग्रणी अनुसंधान संस्था है। पी.आर.एल., उदयपुर सौर वेधशाला के प्रशासनिक कार्य हेतु भी उत्तरदायी है।

13. **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.):** न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल): एनसिल की स्थापना अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा किए जा रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों के लाभों का उपयोग करने हेतु की गई है। यह कंपनी प्रमोचक राकेटों के उत्पादन, प्रौद्योगिकियों का अंतरण और अंतरिक्ष उत्पादों के विपणन सहित विविध अंतरिक्ष उत्पादों के वाणिज्यीकरण को और बढ़ाएगी।

14. **अंतरराष्ट्रीय सहयोग:** अंतरराष्ट्रीय सहयोग: इसके अंतर्गत, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा एशिया एवं प्रशांत सागर में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षण केंद्र (सी.एस.एस.टी.ई.-ए.पी.) के व्यय हेतु प्रावधान शामिल किया गया है।